# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठवॉ तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्याःएमई–3 / 2021 / 2312 लखनऊःदिनांकः 09 नवम्बर 2021

## एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु दिनांक 10.11.2021 को आयोजित मॉप–अप राउण्ड के संबंध मे आवश्यक सूचना।

- इस कार्यालय की वेबसाइट www.dgmeup.in पर मॉप–अप राउण्ड की समय–सारिणी दिनांक 03 नवम्बर 2021 को जारी की गयी सूचना मे मॉप–अप राउण्ड **किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाम सेन्टर पर** आयोजित की सूचना प्रदर्शित की गयी थी, अपरिहार्य कारणो से स्थान मे परिवर्तन किया गया है, **अब मॉप–राउण्ड चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, लखनऊ के छठवे तल पर आयोजित की जायेगी।**

- राजकीय / निजी क्षेत्र के डेन्टल कालेज मे रिक्त सीटो का विशिष्टतावार सीट चार्ट इस कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। रिक्त सीटो की संख्या घट बढ़ सकती है।

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने सिक्योरिटी धनराशि रू0 30,000 /– जमा की गयी और वह निजी क्षेत्र के डेन्टल कालेजो की सीटो पर प्रवेश हेतु इच्छुक है, वह रू0 1,00,000 /– सिक्योरिटी धनराशि का सी0टी0एस0 बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट तत्काल जमा करते हुए प्रतिभाग कर सकते है। बैंक ड्राफ्ट महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 जो लखनऊ (**Director General Medical Education & Training, Uttar Pradesh payable at Lucknow.**) मे देय होगा।

- मॉप–अप राउण्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह, जिन्हें प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग से कोई भी सीट प्राप्त नहीं हुई है।

- मॉप–अप राउण्ड मे प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियो को अपने मूल शैक्षणिक अभिलेख एवं उनकी स्व–प्रमाणित छाया–प्रतियॉ लाना अनिवार्य है। मूल शैक्षणिक अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा मे अभ्यर्थियो को मॉप–अप राउण्ड की प्रक्रिया से स्वतः बाहर हो जायेंगे।

- निजी क्षेत्र के डेन्टल कालेजो के गैर अल्पसंख्यक / अल्पसंख्यक कालेजो के शुल्क निर्धारण का शासनादेश वेबसाइट पर उपलब्ध है, का अवलोकन स्वयं करना चाहे।

- मॉप–अप राउण्ड मे आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया ऑन–स्पाट पूर्ण की जायेगी। अभ्यर्थियो से अपेक्षा है कि शिक्षण शुल्क के रूप मे न्यूनतम रू0 1,00,000 /– (रूपया एक लाख मात्र) का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 जो लखनऊ मे (**Director General Medical Education & Training, Uttar Pradesh payable at Lucknow.**) देय हो, लाना अनिवार्य है। अन्तर की धनराशि एवं शेष शुल्क सम्बन्धित कालेज मे जमा की जायेगी।

**महानिदेशक।**

PG-2021-22(119)